छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिन्दवाड़ा को नम्बर वन पर लाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है किन्तु छोटा तालाब के पिछले दिनों कुण्ड की सफाई से निकला कचरा सड़कों पर पड़ा हुआ है जिससे स्वच्छता अभियान किस प्रकार चल रहा है इसकी झलक दिख रही है

टाइगर्स क्लब छिन्दवाड़ा ने पंजाब किंग्स को हराकर जीता फायनल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कैमिस्ट लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सासंद विवेक बंटी साहू ने शिरकत की, इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की, साथ ही फाइनल खिताब जीती छिंदवाड़ा टाइगर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला औषधि विक्रेता संघ की मांग पर सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा में जल्द ही दवा बाजार खोलने की घोषणा की।

इस दौरान जिला औषधि विक्रेता संघ के तत्वाधान में इनर ग्राउंड पर केमिस्ट प्रीमियम लीग के अंतिम दिन 2 सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। फाइनल मुकाबले में छिंदवाड़ा टाइगर्स ने धमाकेदार जीत दर्ज की और फाइनल खिताब अपने नाम किया।

जिला औषधि विक्रेता संघ के जिला मीडिया प्रभारी शक्ति दुबे ने बताया कि रविवार को केमिस्ट लीग के आखरी दिन तीन मैच खेले गए। सेमीफाइनल का पहला

मैच छिंदवाड़ा टाइगर बनाम छिंदवाड़ा लायंस के बीच खेला गया। जहां छिंदवाड़ा टाइगर्स ने आसान जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला पंजाब किंग्स और नवेगांव इलेवन के मध्य खेला गया।

पंजाब किंग्स ने नवेगांव इलेवन को हराकर फाइनल में जगह बनाई। छिंदवाड़ा टाइगर्स और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। छिंदवाड़ा टाइगर्स निर्धारित ओवरों 10 ओवरों में 139 रन बनाए थे, लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स 118 रन ही बना पाई। इस प्रकार छिंदवाड़ा टाइगर्स ने फाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम को 11 हजार नगद एवं उपविजेता टीम को पांच हजार नगद राशि दी गई। प्रतियोगिता के दौरान जिला औषधि विक्रेता संघ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष संतोष चौरे, सचिव अजय मालवीय, कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार लांबा, सुश्री अर्पणा तेलंग, अमित राय, जागेन्द्र अल्डक, राजू नरोटे, रिजवान कुरैशी, अरविंद राजपूत, गोलू नागरे एवं जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

पर्यावरण जागरूकता के लिए आयोजित हुआ हरित सम्मेलन का आयोजन हुआ नगर पालिक निगम में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तत्वाधान मैं नगर निगम सभा कक्ष मैं पर्यावरण को लेकर हरित संगम सम्मेलन का आयोजन किया गया जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आए हुए पर्यावरण प्रहरी एवं पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव कथन के साथ पेड़ पानी का पॉलिथीन के लिए अपने विचार साझा किया एवं हरित घर मबव ब्रिक्स कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वन विभाग के एस.डी.ओ. श्री सोलंकी एवं संघ के संघ चालक संजय बैस जी मातृशक्ति निर्मला घई, पुजारी संघ के अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी सहित मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत के एन.जी.ओ. प्रमुख मनीष कुलश्रेष्ठ सहित पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के विभाग संयोजक दिगंबर राजपूत, जिला संयोजक अनिल पाठक, सहसंयोजक अरुण आड़े, नगर संयोजक इमरत चक्रवर्ती, जल प्रहरी नीरज वानखेड़े, पांढुरना अरुण ठाकरे, सौसर विजय सूर्यवंशी पेड़ वाले, वेलफेयर सहित, विविध क्षेत्र मैं कार्य करने बाले पर्यावरण प्रहरी मातृशक्ति सहित उपस्थित हुए मंच संचालन आराधना शुक्ला द्वारा किया गया जिसमें नगर सहित जिले के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने छिन्दवाड़ा को क्लीन छिन्दवाड़ा ग्रीन छिन्दवाड़ा बनाने के लिए अपने अपने विचार रखें साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की बात वक्ताओं के द्वारा कही गई। अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

सार समाचार

सरकार के संरक्षण में हर्रई में पनप रहा गुंडराज- कांग्रेस नेता धीरनशाह

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा की चाल व चरित्र अपराध व रेत माफ्यिाओं को संरक्षण देने वाला है। हर्रई में रेत माफ्यिाओं व सत्ता से जुड़े लोगों के इशारों पर पुलिस अपराधियों और प्रशासन भू-माफ्यिाओं को संरक्षण देकर शांतिप्रिय आदिवासी अंचल हर्रई की फिजा बिगाड़ी जा रही है जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त उदगार आज कांग्रेस नेता धीरनशाह इनवाती ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामनारायण परतेती पर गत दिवस सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों व रेत माफ्यिाओं के द्वारा जानलेवा हमला किया गया है। उक्त वारदात की घोर निंदा करते हुए कांग्रेस नेता धीरनशाह इनवाती ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि हर्रई में अवैध रेत भण्डारण, भू-माफ्यिाओं व सत्ता पक्ष के लोगों के द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों व बढ़ते अपराध के खिलाफ आवाज उठाने पर कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष को जान से मारने का प्रयास किया गया। इस हमले में बाल-बाल बचे हैं। उनके द्वारा हर्रई पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई किन्तु पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टे रेत माफ्यिाओं व सत्ता पक्ष से जुड़े हमलावरों को संरक्षण दिया जाना बेहद निंदनीय है। पीड़ित रामनारायण परतेती पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त डीएसपी है, बावजूद इसके पुलिस के द्वारा ही उनके साथ अन्याय किया जा रहा है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में श्री धीरन शाह इनवाती ने कहा कि पुलिस हमलावरों को संरक्षण देकर हर्रई की शांतिप्रिय फिजा को बिगाड़ रही है किन्तु कांग्रेस उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि श्री परतेती पर हमला करने वालों के खिलाफ अविलम्ब कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस आगामी दिनों में उग्र धरना प्रदर्शन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी पुलिस व प्रशासन की होगी।

एनएसयूआई व महिला कांग्रेस में प्रभारी मनोनीत

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई व जिला महिला कांग्रेस में प्रभारी मनोनीत किए गए हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे की सहमति उपरांत जिला एनएसयूआई में प्रभारी पद की जिम्मेदारी राकेश माहोरे को सौंपी है। जिला महिला कांग्रेस में प्रभारी पद की जिम्मेदारी मंजू बैस को सौंपी गई है। दोनों ही नवनियुक्त प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सुनील, विजय व लखीचंद को सौंपी जिम्मेदारी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस के पूर्व उप ब्लॉक में समन्वयक, दक्षिण उप ब्लॉक में कार्य. अध्यक्ष एवं सौंसर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहखेड़ ब्लॉक में पर्यवेक्षक मनोनीत किए गए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे से चर्चा के उपरांत शहर कांग्रेस निगम क्षेत्र के प्रभारी धर्मेन्द्र सोनू मागो व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव के द्वारा शहर कांग्रेस के उप ब्लॉक पूर्व में समन्वयक पद पर सुनील साहू मनोनीत किए गए हैं, जबकि शहर कांग्रेस के दक्षिण उप ब्लॉक में कार्य. अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी विजय इंगोले को सौंपी है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार सौंसर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहखे? ब्लॉक में पर्यवेक्षक पद की जिम्मेदारी लखीचंद पवार को सौंपी है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ, नकुलनाथ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण व विधायकगणों का हृदय से आभार माना है। जिला कांग्रेस परिवार ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

आज करोड़ों के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे सांसद बंटी विवेक साहू

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू 3 मार्च दिन सोमवार को छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से करोड़ों की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे ग्राम पालाचौरई के ग्राम गुढ़ी स्थित बस स्टेण्ड के पास आयोजित कार्यक्रम में 188.00 लाख की लागत से पेंचव्हेंली समूह आर्वधन जल प्रदाय योजना के अंतर्गत पाईप लाईन विस्तारीकरण के कार्य का भूमिपूजन व 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन एवं पंचायत क्षेत्र में 35 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। 12 बजे ग्राम उमरिया फद्दाली में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजनए दोपहर 1 बजे ग्राम पुरैना खालसा में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन, दोपहर 2 बजे ग्राम मरकाढ़ाना में 65 लाख की लागत वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे।

महापौर विक्रम अहाके ने जताया सांसद और छिन्दवाड़ा की जनता का आभार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। इन दिनों स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियां जोरो से चल रही है। बीते दिनों दिशा की बैठक में छिंदवाड़ा-पांढुर्णा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के फीडबैक में अपनी भागीदारी देने की अपील की थी। इसके उपरांत नगर निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके के निर्देश पर निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा महाअभियान चलाकर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। इसका परिणाम यह हुआ कि सिटीजन फीडबैक कैटेगरी में मध्य प्रदेश की सभी 16 नगर निगमों में छिंदवाड़ा नगर निगम पहले पायदान में पहुंच गया है। इस उपलब्धि पर नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके ने सांसद बंटी विवेक साहू एवं छिंदवाड़ा शहर की जनता का आभार जताया।

इस अवसर पर निगमायुक्त

चंद्रप्रकाश राय ने कहा कि सर्वेक्षण पूर्ण होने तक छिंदवाड़ा की जनता के सहयोग एवं अधिक से अधिक सकारात्मक फीडबैक की आवश्यकता होगी। शहर की जनता के अधिक से अधिक सकारात्मक फीडबैक से नगर निगम छिंदवाड़ा अव्वल स्थान पर बना रहेगा एवं सर्वेक्षण पूरा होने पर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त होगा। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर निगम का सफाई अमला एवं अन्य मैदानी अमला भी इन दिनों अपना शत प्रतिशत दे रहा है। निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता के लिए तो कार्य कर रहे है इसके साथ ही जनता से स्वच्छता का फीडबैक भी ले रहे है।

नगर निगम छिंदवाड़ा क्षेत्र के रहवासी भी शहर के लिए सीधे अपना फीडबैक सीधे दे सकते है। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन की वेबसाईट https://sbmurban.org/feedback वेबसाईट ओपन करने के बाद में नाम टाइप करना होगा है। इस वेबसाइट में जनता को दस आसान प्रश्नों के उत्तर देना होगा। इन उत्तर के बाद मोबाइल नंबर दर्ज किया जाता है जिसमें वन टाइम पासवर्ड ओटीपी प्राप्त होगा। इस ओटीपी को वेबसाइट में दर्ज कर फीडबैक की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाता है। मोबाइल के इनबॉक्स में AD-SBMURB की ओर से ओटीपी प्राप्त होगा जिसे जनता निर्भीक होकर वेबसाइट में दर्ज कर सकती है।

नकुल कमलनाथ ने विधि विधान से किया गंगाजल का पूजन, शिव मंदिरों में किया जाएगा अर्पित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। धर्मानुरागी पूर्व सांसद नकुलनाथ ने निज निवास शिकारपुर कमलकुंज में विधि विधान से गंगा जल का पूजन अर्चन कर जिले के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। किसानों के लिए अच्छी उपज, युवाओं के लिए रोजगार व मातृशक्ति के लिए सुरक्षा मांगी।

संकट मोचन हनुमान जी महाराज के परम भक्त नकुलनाथ ने विगत दिनों महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के लिए सर्वकल्याण की कामना की थी। त्रिवेणी संगम में स्नान, ध्यान व मां गंगा की आराधना कर पवित्र गंगा जल लेकर छिन्दवाड़ा लौटे। विधि विधान के साथ गंगा जल का पूजन करने के उपरांत उन्होंने कहा कि जिले, प्रदेश व देश की खुशहाली के लिए मनोकामना की थी। छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले की उन्नति व विकास के लिए मनोकामना के साथ गंगा मैया में स्नान किया। इसके पूर्व भी कई बार हरिद्धार-ऋषिकेश पहुंचकर पूजा अर्चना व गंगा मैया में डुबकी लगा चुका हूंए किन्तु बीते सप्ताह महाकुंभ प्रयागराज पहुंचकर स्नान करना अद्भुत अनुभव था। महाकुंभ स्नान के उपरांत आत्मिक शांति के साथ ही जीवन में जो बदलाव आए वे अकल्पनीय है।

दस मंदिरों में अर्पित किया जाएगा जल

धर्मानुरागी नकुलनाथ ने आगे कहा कि मेरी इच्छा थी कि गंगा मैया का पवित्र जल अपने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना में लाऊं साथ ही यहां के मंदिरों में जल अर्पित किया जाए। आज यह मनोकामना भी पूरी हुई। उन्होंने आगे कहा कि जन कल्याण की कामना, छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले की सुखए शांति व समृद्धि की कामना को लेकर यह कार्य किया है जो गंगा मैया के आशीर्वाद से पूर्ण हुआ है।

आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद बक्षी ने बताया कि नकुलनाथ के द्वारा लाया गया पवित्र गंगा जल छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के 10 मंदिरों में अर्पित किया जावेगा।

छिन्दवाड़ा के पातालेश्वर धाम, परासिया के शिव मंदिर, जुन्नारदेव के पहली पायरी शिव मंदिर, मोहगांव (सौंसर) के अर्धनारिश्वर शिव मंदिर, रातामाटी (हर्रई) शिव मंदिर कोटरा. अमरवाड़ा के गरमेटा शिव धाम, पांढुर्ना के शिव मंदिर, बिछुआ के के शंकर वन शिव मंदिर, चांद के गोदड़देव शिव मंदिर एवं सिद्ध सिमरिया धाम में शिव लिंग पर गंगा जल अर्पित किया जावेगा।

पुलिस ने कि चालानी कार्रवाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। चांदामेटा बडकुई से जामई मार्ग पर चांदामेटा पुलिस थाना के नगर निरिक्षक अरुण मर्सकोले के निरदेंश पर वाहनो कि सधन ज़ाच कि गई बिना हेलमेट में वाहन चालको पर चालानी कार्यवाही कि गई। एंव चार पहिया वाहनो कि सिट बेल्ट बाधे है कि नही एंव गाडियो के आवश्यक दस्तावेजो की कि भी जाचं की गई इस संघन जाच में एसएआई रामविलास तिवारी, आरक्षक एस सी जयप्रकाश, राजकुमार धुरवे, ललित परतेती, अशोक गोनगे इत्यादियो ने जांच की

परासिया थाने के उप निरी. राजिक सिद्धीकी का हृदय घात से निधन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पुलिस थाना परसिया में पदस्थ उप निरीक्षक राजिक सिद्दीकी का आज उनके बालाघाट निवास में हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनकी उम्र 55 वर्ष थी और वह पिछले डेढ़ वर्षो से परासिया थाने में पदस्थ थे।

जानकार सूत्रो ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे एवं एक बेटी है। उनका अंतिम संस्कार कल सोमवार को किया जाएगा।

भाजपा सांसद के खिलाफ कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन- विश्वनाथ ओक्टे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा सांसद की बदजुबानी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भाजपा के संरक्षण में ही अपराध, माफ्यिाराज व गुंडाराज फलफूल रहा है। भाषा की मर्यादा को लांघते हुए जिन शब्दों का प्रयोग उन्होंने म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री, छिन्दवाड़ा के विकास पुरूष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के लिए किए उससे यह भी साफ हो गया कि शांतिप्रिय जिले की फिजा में अपराध घोलने का काम भाजपा कर रही है। कमलनाथ के द्वारा जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए तो सांसद मिट्टी से निकाले गए भूकृमि की तरह तिलमिला उठे, इसका अर्थ यही हुआ कि वे जिले में वर्दीधारी भाजपा कार्यकर्ता चाहते हैं, जो नियम, कानून व कायदों को तोड़कर मरोड़कर सिर्फ और सिर्फ भाजपा के इशारों पर काम करें। उक्त उदगार आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री ओकटे ने आगे कहा कि हर्रई में जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग के जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला होता हैए एक आदिवासी नेता पर हमला करने वालों का संरक्षण देने वाली भाषा सांसद के द्वारा बोली जा रही है, क्योंकि हमलावर सत्ता पक्ष से जुड़े हुए और रेत माफ्यिा है। ऐसा एक नहीं बल्कि अनेकों बार हुआ है। हर्रई पुलिस थाना के ठीक पीछे रेत का अवैध भण्डारण, राजमहल के पीछे अवैध रेत का भण्डारण, भाजपा के लोगों के द्वारा बेखौफ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, जिला मुख्यालय पर एक आदिवासी की जमीन भाजपा नेता द्वारा खरीद ली गई और जमीन मालिक को पता भी नहीं चला। ऐसे अनेकों अनेक अवैधानिक कार्यों की लगातार लिखित शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई रेत माफ्यिाओं व भू माफ्यिाओं के खिलाफ नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है जिसे सुधारने की नितांत आवश्यकता है, किन्तु भाजपा सांसद के बयान से यह साफझलक रहा है कि वे गुंडाराज को बढ़ावा देना चाहते हैं जिसकी कांग्रेस घोर निंदा करती है।

श्री ओकटे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री व विभिन्न मंत्रालयों के पूर्व केन्द्रीय मंत्री कमलनाथ ने अपना सम्पूर्ण जीवन छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के विकास में समर्पित कर दिया। छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र को पहचान दी और आज भी जिले की युवा पीढ़ी की शिक्षा व रोजगार के लिए व्यक्तिगत तौर पर चिंतित है, जिनके प्रयासों से युवा रोजगार से जुड़ रही, उनके कार्यकाल में कभी गुंडाराज, माफ्यिाराज व आदिवासियों की जमीनें हथियानें की हिमाकत किसी ने नहीं कीए जब उन्हें जिले में बिगड़ी कानून व्यवस्था व आदिवासी नेता पर जानलेवा हमले के बारे में पता चला तो उन्होंने बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। कमलनाथ के बयान पर चंद दिनों के भाजपा सांसद जिनके पास कोई मंत्रालय तक नहीं है। उनके व उनकी पार्टी के पास बताने के लिए एक काम नहीं है ऐसे सांसद के द्वारा निम्न स्तरीय व तुच्छ भाषा का प्रयोग कमलनाथ के लिए करना भूकृमि की तिलमिलाहट को दर्शा रहा है। अपने कद व पद को भूलकर रावण ने भी लक्ष्मण रेखा लांघी थी जिसके परिणाम की गाथा जनता युगों-युगों से सुनती आ रही, अभिमान तो रावण और कंश का भी नहीं रहा तो फिर आम आदमी की बात ही क्या है। श्री ओकटे ने कहा कि जिले की जनता सर्वोपरि हैए लेकिन उनके हवाले से ऐसे शब्दों का प्रयोग करने का अधिकार सांसद को कतई नहीं है, क्योंकि जनता खुली आंखों से सबकुछ देख रही, समझ रही और महससू भी कर रही कि किस तरह भाजपा पूरे देश में तंत्र व षड्यंत्र के सहारे चुनाव लूट रही है। मान और अभिमान में बड़ा फर्क है, भाजपा सांसद अभिमान में मान भूल चुके हैं। उन्हें भूली बिसरी बातें जनता ही याद दिलाएगी।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि जिले में बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ आज 03 मार्च 2025 को दोपहर 01 बजे कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एकजुट होकर राजीव कांग्रेस भवन से रैली निकालकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचेगी और ज्ञापन प्रस्तुत करेगी।

इकलहरा के टोल नाके के समीप लगातार हो रही है सड़क दुर्घटनाए

चंदामेटा में कार का टायर फटने से चार घायल

परासिया, देशबन्धु। इकलहरा एवं अंबाडा के बीच टोल नाके के एक किलो मीटर दायरे में पिछले दो माह के भीतर आधे दर्जन से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिसमें छह लोगो की मौत और कई लोग घायल हुए हैं। गौर करने वाली बात यह है कि यहां पर चौड़ी सड़क बनी हुई है लेकिन उसके बावजूद भी लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। एक सप्ताह पूर्व हुई दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा पूर्व में दो मोटर साइकिल की टक्कर में एक युवक और एक बकरी चलने वाली महिला की मौत हो गई थी। इसके अलावा बड़कुही का एक ऑटो पलटने पर ड्राइवर की भी मौत हुई थी। इसी तारतम्य में बीती रात्रि 10 बजे बजे टोल नाके के समीप दो कार की टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बरघाट निवासी विवेक बिशेन अपनी स्विफ्ट कार से बैतूल से वापस घर जा रहा था। वही रामपुर तानसी निवासी अब्दुल रहमान छिंदवाड़ा से ओमनी वैन से वापस आ रहा था। दोनों गाड़ियों की आमने.सामने पर टक्कर होने पर दोनों गाड़ी चालक एवं अन्य एक व्यक्ति को गंभीर चोटे आयी। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इसी तरह शनिवार को दोपहर 3 बजे चांदामेटा के सिंह वाहिनी चौक के समीप एक कार का टायर फट जाने पर कार किनारे खड़े लगेज वाहन से टकरा गई। जिसमें कार में बैठी महिला को चोट लगी। वहीं सड़क के किनारे बैठे तीन लोग भी घायल हो गए। इस तरह देखा जाए तो कोयलांचल क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।

जुआ खेलते हुए तीन लोग पकड़ाए'

परासिया, देशबन्धु। पुलिस थाना चांदामेटा अंतर्गत न्यूटन मार्ग पर पोल्ट्री फार्म के नाले के पास जुआ खेलते 3 लोगो को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस ने बताया कि भमोड़ी निवासी कृष्णकांत बावरिया, इकलहरा निवासी शेख इस्माइल तथा परासिया वार्ड नं 5 निवासी एनुल अहमद के पास से 2100 रुपये नगद तथा ताश पत्ती जब्त की गई है।

बौद्धगया महाविहार मुक्ति हेतु भारतीय बौद्ध महासभा एवं सामाजिक संगठनों द्वारा सौंपा ज्ञापन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भारतीय बौद्ध महासभा एसमता विकास समिति, भीम सेना, संत रविदास संघ सहित कई आम्बेडकर वादी संगठनों द्वारा बौद्ध बिहार के बौद्ध गया में स्थित महाबोधि बौद्ध विहार का संचालन विश्व एवं देश के तमाम बुद्धिस्टों को सौंपने की मांग को लेकर स्थानीय डॉ. आम्बेडकर तिराहे पर प्रात: 11 बजे से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। उपस्थित भीम सैनिकों द्वारा सर्वप्रथम डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तदुउपरांत जिले के तमाम बौद्धों की शांतिपूर्ण रैली कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहाँ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र खांडेकर, भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश लोखंडे, संगठक वसंता सोमकुंवर, समता विकास समिति अध्यक्ष सुभाष नागले, महासचिव सतीश गोंडाने, उपाध्यक्ष छवि खांडेकर, भीमसेना प्रमुख शिवम् पहाड़े, मदन बरखाने, श्री सोनटके, एस.आर. दवंडे, पप्पू मंडराह, प्रदीप मानगुर्दे, आनंद काटोलकर, ममता सहारे, ममता

श्यामकुंवर, ओमकार चौहान सहित कई उपासक उपासिका एवं भीमसैनिक उपस्थित हुये।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश लोखंडे द्वारा कहा कि सदियों पूर्व साम्राट अशोक द्वारा स्थापित विश्व के बौद्धों का तीर्थ एवं आस्था स्थल बौद्ध गया स्थित महाबोधि महाविहार पर गैर बौद्धों एवं पुजारियों का कब्जा होना विश्व के तमाम बौद्ध धर्मावलंबियों की आस्था के साथ अन्याय है। भारत में कहीं पर किसी भी आस्था स्थल में गैर धर्मावलंबियों का कब्जा नहीं है फिर बौद्ध गया में स्थित महाबोधि बौद्ध विहार पर गैर बौद्धिस्टों का कब्जा क्यों, यह सम्पूर्ण विश्व के लिये कोतुहल का विषय है। बौद्ध गया मंदिर अधिनियम 1949 द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13, 14, 15, 25, 26, 29, 49 और 51, (एफ) सम्पूर्ण रूप से उल्लंघन करता है । बौद्धगया मंदिर अधिनियम 1949 को हटाकर करने बौद्ध धर्म की विरासत देश के बौद्धों को सौंपने की मांग की गयी है।

आज यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व धरोहर के साथ छेडछाड़ कर बौद्ध धर्म के मूल स्वरूप को बदलने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिससे बौद्ध धम्म का मूल अस्तित्व खतरे में पड़ता प्रतीत हो रहा है। देश की राष्ट्रपति से जिले के बौद्धिस्ट संगठनों द्वारा बौद्ध गया में स्थित महाबोधि विहार विश्व धरोहर बौद्ध विरासत की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये इस संवैधानिक बौद्धगया मंदिर अधिनियम 1949 को अवैध घोषित कर निरस्त करते हुये महाबोधि विहार का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण बौद्ध समुदाय को सौंपने के लिये उचित संवैधानिक कार्यवाही करवाते हुये बौद्ध धर्म के अधिकारों को दिये जाने की मांग की।

सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र खांडेकर द्वारा कहा कि सम्पूर्ण देश में अन्य सामाजिक आस्था के केन्द्रों पर उन्हीं धर्म के मानने वाले लोगों का संचालन है लेकिन बौद्ध धर्म के आस्था स्थल बौद्ध गया पर गैर बुद्धिस्टों का कब्जा है जिसे शीघ्र मुक्त कराने की मांग की । भीमसेना प्रमुख शिवम् पहाड़े द्वारा कहा कि महाबोधि विहार मुक्ति हेतु विहार परिसर में शांतिपूर्ण आंदोलनरत भिक्षुओं को बिहार सरकार ने बर्बरता पूर्वक आधी रात को खंदेडा यह अमानवीय कृत्य के दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के 22 जनवरी 2025 के पत्रानुसार 08 मार्च 2025 (शनिवार) को विद्युत अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले के विकासखंड छिन्दवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर व जुन्नारदेव विद्युत न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा की जानकारी जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष एस.सी प्रकोष्ठ की वार्ड क्रमांक 48 गुरैया में बैठक संपन्न

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 2 फरवरी 25 दिन रविवार को कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ सहित प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष गुरूचरण खरे, महिला बाल विकास विभाग जिला संयोजक कांग्रेस मुन्ना धुर्वे के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 48 पोआमा, गुरैया रोड में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा पिछले 50 वर्षो में किये गये विकास कार्यो की जानकारी दी और कहा कि उनका हमारे लोगों से वर्षो पुराना रिश्ता रहा है और पूर्व सांसद नकुलनाथ ने छिंदवाड़ा जिले को प्रथम प्राथमिकता दी फिर चाहे वह विकास की, बच्चों को रोजगार की और बच्चों को रोजगार एवं उच्च शिक्षा दिलाने में हमेशा उनका सहयोग रहा हो। श्रीमती गजभिये ने ग्रामवासियों को कमलनाथ एवं नकुलनाथ के हाथों को मजबूत बनाने की अपील की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नेहा आम्रवंशी, प्रतिमा ब्रम्हे, रेणु तिवारी, राजा गुन्हेरे सहित अन्य महिलाओं सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आज से ही कांग्रेस को मजबूत करने की तैयारी में जुट जाने का आह्वाहहन किया गया।

सार समाचार

आवारा कुत्तों से परेशन है शहर की जनता

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। इन दिनों शहर में आवारा कुत्तों की भरमार हो गई है, हर गली मोहल्लों में ये आवारा कुत्तें झुण्ड में रहते है और इससे जनता परेशान हो रही है। शहर का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां इन आवारा कुत्तों का आतंक न हो। इतना ही ये कुत्तें छोटे बच्चों को कांट लेते है जिनसे डरकर आजकल बच्चें बाहर निकलने से डरने लगे है। माता पिता भी अपने बच्चों को आस पास की दुकानों में सामान लेने नहीं भेजते की रास्ते में कहीं कुत्ते ने काट लिया तो परेशानी बढ़ जाएगी और डॉक्टरों के चक्कर लगाने पड़ेगे।

इसी प्रकार झुण्ड के रूप में आवारा कुत्तों को नगर के मुख्य मार्गो पर भी देखा जा सकता है जिससे कई बार दुर्घटनाऐं भी घटित हो चुकी है। नगर पालिक निगम से शहर की जनता ने अपेक्षा की है कि इन आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जावे ताकि लोगों को राहत मिल सके।

बाजारों में निर्धारित जगहों पर हो पार्किंग की मांग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शहर में वाहनों के पार्किंग करने हेतु स्थल तो निर्धारित कर दिए गए है लेकिन इन स्थानों पर पार्किंग नहीं होती और वाहन अंदर बाजारों में ले जाते है जिससे यहां जाम की स्थिति लग जाती है।

अक्सर देखा जाता है कि व्यापारी अपना माल दुकान के बाहर रखते है जिससे सड़के वैसे ही सकरी हो जाती है दूसरी तरफ यदि कोई फोर व्हीलर वाहन इन सकरी जगह जैसे इतवारी, बुधवारी में घुस जाता है तो फिर जाम की स्थिति बन जाती है। जवाबदार अधिकारियों से इस दिशा में ध्यान देने की मांग जनता ने की है।

पाण्ढुर्णा में प्रेस क्लब का भवन बनाना मेरी गारंटी है आश्वासन नहीं : बंटी विवेक साहू

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला प्रेस क्लब सोसिएशन पांढुरना के कार्यालय के शुभारंभ उपरांत उपस्थित पत्रकारों, भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रेस एसोसिएशन जमीन की व्यवस्था कर ले, इसके उपरांत भवन बनाने के लिए निधि की व्यवस्था किए जाने की गारंटी मैं देता हूं। यह मेरा आश्वासन नहीं है बल्कि गारंटी है।

नगर में जिला प्रेस एसोसिएशन पांढुरना के कार्यालय का लोकार्पण सांसद बंटी विवेक साहू ने किया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, जिला पंचायत सदस्य सुनंदा डोंगरे, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र परमार तथा उज्वल सिंह चौहान प्रमुखता से उपस्थित रहे। सांसद श्री साहू ने आगे कहा कि पत्रकारों को अपनी भूमिका निष्पक्ष रूप से निभानी चाहिए ताकि सिस्टम में क्या त्रुटियां है यह उजागर हो सके। इसी प्रकार सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाया जा सकता है।

जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने इस अवसर पर कहा कि पत्रकारों द्वारा नेताओं और व्यवस्था के खिलाफ टीका, टिप्पणी और कमजोरियों को उजागर करना जरूरी है। समस्त पत्रकारों ने सांसद बंटी विवेक साहू और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस समारोह में तहसीलदार विनय ठाकुर एवं नपा सी.एम.ओ. राजकुमार इवनाती व प्रेस क्लब/एसोसिएशन पांढुरना के संगठन अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ढोके, सचिव अजय तावरे, संरक्षक राधेशाम बेलखडे, उपाध्यक्ष उमेश पाल एवं दीपक रावल, कोषाध्यक्ष काशी बालपांडे, सहसचिव पंकज मदान, सहकोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत कावले, प्रवक्ता जितेंद्र अतकरे, सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत माहूरकर, प्रदेश प्रतिनिधि पंकज कोरडे एवं अक्षय बालपांडे, समन्वयक शेख नुरू भाई, राहुल शेंडे, जानराव बरडे एवं मनोज सातपुते आदि सदस्यगण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बौद्धगया में हो रहे आंदोलन के समर्थन में पटपड़ा के उपासक बौद्ध

परासिया, देशबन्धु। आज छिन्दवाड़ा स्थित डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर पटपड़ा तहसील परासिया के उपासक बौद्ध अनुयायी उपस्थित हुए जिन्होंने बौद्ध गया विहार में स्थित तथागत बुद्ध से संबंधित बौद्ध विहार बौद्ध गया में हो रहे भिक्षुओं के द्वारा किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में कल रविवार, 2 मार्च 2025 को जिला स्तर पर हुए प्रदर्शन में सम्मिलित होकर विरोध प्रकट करते हुए ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें यह माँग की गयी कि विहार में स्थित बौद्धगया में जो सम्राट अशोक के द्वारा जो विहार निर्माण कराया गया उस विहार बौद्धिस्ट को सौंपा जाए । पटपड़ा से ज्ञापन देने मोहन मेश्राम, अनिल निकोसे, ताराचंद मेश्राम, शिव निकोसे, लोकेश अहिरवार एवं बड़ी संख्या में उपासक सम्मिलित हुए।

शिव के सेवक समिति जुन्नारदेव के कमल मदान का अम्बाड़ा में किया गया सम्मान

गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु। शिव के सेवक भंडारा समिति जुन्नारदेव के प्रमुख सेवक व संचालक कमल मदान एवं उनके सहयोगी नितेश राजपूत का आज उनके प्रतिष्ठान ओम लक्ष्मी एचपी गैस एजेंसी में मातारानी की चुनरी पहनाकर एवं त्रिशूल देकर सम्मान किया गया एवं मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी गई।

गौरतलब है कि कमल मदान के द्वारा प्रतिवर्ष पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में सप्ताह भर निशुल्क भंडारा कराया जाता है जो कि शिवरात्रि तक चलता है इस भंडारा में प्रांत के कोने-कोने से आने वाले लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। निरंतर सफलता पूर्वक एवं निशुल्क भंडारा कराए जाने की वजह से आज दुर्गा मंदिर समिति अंबाड़ा के द्वारा इनका सम्मान किया गया। इस दौरान राजनीतिक दल के पदाधिकारी, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमे प्रमुख रूप से दुर्गा मंदिर समिति अंबाड़ा के सचिव संजय राय, भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य कपिल ठाकर, बजरंग दल जिला बल उपासना प्रमुख अक्षय सेंगर, हिन्दू जागरण मंच के जिला सह संयोजक राहुल कवड़कर, दुर्गा मंदिर समिति के सचिव शिव गिरी, चंदन फ्यूल्स के संचालक डॉक्टर मोहित डेहरिया, समिति सदस्य योगेश कनोजिया, केशव भारती, नयन पाल, आकाश अग्रवाल, नीलेश राय, शुभ राय, प्रभव राय, कबीर राय, पवार टेंट के सोनू पवार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सांसद ने गंभीर मरीजों को दिलाई 2 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 5 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 2 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सहायता

राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

जिस आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने मोहखेड़ के ग्राम चिखलीकलां निवासी सुरेश पिता सिरपत कड़वे को 45 हजार, उभेगांव वार्ड नं. 02 बाजार चौक निवासी सुभाष पिता सोहनलाल सोनी को 45 हजार, कारी डोंगरी पांगरा निवासी कमलेश पिता लालदास यादव को 50 हजार, चौकसे कॉलोनी वार्ड नं. 41 छिन्दवाड़ा निवासी रूद्र पिता विक्रम सिंह यादव को 45 हजार एवं चौरई के ग्राम पखड़िया वार्ड नं. 09 निवासी पुलकित पिता मुकेश ठाकुर को 35 हजार की आर्थिक सहायता अपनी स्वेच्छानुदान निधि से स्वीकृत की है।

गौरतलब है कि सांसद बंटी विवेक साहू से उनके सांसद कार्यालय एवं जिले के प्रवास के दौरान कई लोगों द्वारा आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू द्वारा भी आवेदनों पर तत्काल ही गंभीरता दिखाते हुए लोगों की हर संभव मदद की जा रही है।

सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव द्वारा भी सीएम हाउस और मंत्रालय भोपाल भेजे जा रहे आवेदनों पर तत्काल ही कार्यवाही करते हुए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ित मरीज का अस्पताल में इलाज हो सकेगा।

पुलिस की बड़ी कार्यवाही- 43 मवेशी सहित 7 आरोपी गिरफ्तार-वाहन भी जब्त किया

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पुलिस को 24 घंटे के भीतर 43 मवेशी को पकड़ने में कामयाबी मिली है। अमरवाड़ा ब्लाक की सिंगोड़ी चौकी पुलिस ने 30 नग मवेशी जब्त किए हैं, इस मामले में 4 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं चौरई पुलिस ने भी 13 मवेशी बरामद किए हैं और तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सिंगोड़ी चौकी पुलिस ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात को कार्रवाई करते हुए आरोपित भगवान पिता नत्थू चौहान उम्र 32 वर्ष, पीरू पिता नत्थू चौहान उम्र 24 वर्ष, सुमेर पिता प्रभु चौहान उम्र 19 वर्ष सभी निवासी ननासा थाना कन्नोद जिला देवास, देवेन्द्र पिता गोवंदी यादव उम्र 36 निवासी झिरिया थाना चौरई को गिरफ्तार करते हुए 30 नग मवेशी को मुक्त कराया है।

एसडीओपी अमरवाड़ा सौरव तिवारी, थाना प्रभारी गनपत सिंह उईके के मार्गदर्शन में अवैध गौ तस्करों के विरुद्ध पूर्व से सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति दुबे वेयर हाऊस के आगे रोड ग्राम पलटवाड़ा के पास मवेशी को कत्लखाना ले जा रहे हैं। सूचना पर मवेशी को जप्त किया गया है। मौके पर आरोपित भगवान चौहान, पीरू चौहान, सुमेर चौहान एवं देवेंद्र यादव मिले, जिनके पास मवेशी संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं होने पर उक्त आरोपितों के विरूद्ध म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, का प्रकरण पंजीबध्द कर मामला विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक गनपत सिंह उईके, उप निरी. रामकुमार ठाकुर, स.उ.नि. शरद मालवी, आरक्षक सतीश बघेल, योगेश मालवी, राजपाल बघेल, नीरज बघेल, सूर्योदय बघेल, कन्हैया सनोडिया की सराहनीय भूमिका रही।

13 गोवंश को मुक्त कराया

चौरई में पुलिस ने 13 मवेशी बरामद किए हैं। इस मामले में सुशील पिता राजाराम डेहरिया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चिमौआ चौकी सिंगोड़ी, अजय पिता लेखराम सल्लाम उम्र 26 वर्ष निवासी परतला थाना देहात छिंदवाडा, अलीम कुरैशी पिता शौकत कुरैशी उम्र 44 वर्ष निवासी आनंदनगर सोनपुर रोड बैल बाजार को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति अमरवाडा से नागपुर तरफ पृथक.पृथक वाहनों में भैंसों को अवैध परिवहन कर कटने के लिये नागपुर लेकर जा रहे हैं। सूचना पर रेड कार्यवाही कर पिकअप वाहन क्रं. एम.पी.-28-जी-4185 से कुल 8 नग भैंस एवं छोटा हाथी क्र. एम.पी.-28-जी-5030 में परिवहन किये जा रहे 5 नग इस प्रकार कुल 13 भैंसों को मुक्त कराया गया। चौकी सिंगोडी थाना अमरवाडा में आरोपितों के विरुद्ध म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि., पशु क्रूरता निवारण अधिए में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, प्र.आर. 486 रामदयाल, आर. 77 आयुष, आर. 763 इकलेश, आर. 573 पीयुष मौजूद रहे।

मुस्लिम धर्मावलिम्बयों के पवित्र माह रमजान हुई शुरूवात

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। रमजान का पवित्र महीना रविवार से शुरू हो गया। रविवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पहला रोजा रखा जिसके बाद रिसाला मस्जिद ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड में रोजा इफ्तार का कार्यक्रम हुआ।

विदित हो कि इस्लाम धर्म के लिए रमजान का महीना बहुत महत्वपूर्ण होता है, जब वे विभिन्न तरह के धार्मिक कार्य करते हैं। इस पूरे महीने रोजा रखा जाता है । हर साल की तरह इस साल भी चांद के दीदार के बाद ही रमजान की पाक शुरुआत हुई। यह महीना अपने आप में बहुत खास होता है। रमजान के महीने के तीस दिनों को 3 अशरों (10 दिन) में बांटा गया है। रमजान के पहले 10 दिन को पहला अशरा, दूसरे 10 दिनों को दूसरा अशरा और आखिरी 10 दिन को तीसरा अशरा का जाता है। यानी पहले रोजे से 10वें रोजे तक पहला अशरा, 11 वें रोजे से 20 वें रोजे तक दूसरा अशरा और 21 वें रोजे से 30वें रोजे तक तीसरा अशरा है।

परिवहन व्यवस्था सुधारने मांग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। इन दिनों सवारी वाहन सड़को पर खड़े हो जाते है और सवारी बैठाने लगते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके आलावा टैक्सी एवं आटो चालक अपना वाहन कहीं भी खड़ा कर सवारी भरने लग जाते है जिससे अन्य वाहन चालको को एवं पैदल राहगीरों को परेशानी होती है। जवाबदार अधिकारियों से इस दिशा में ध्यान देने की अपेक्षा है।

कमलनाथ को राग द्वेष छोड़कर सहिष्णुता और सहयोग की राजनीति करना चाहिए : शेषराव यादव

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कमलनाथ के द्वारा हर्रई में अपने भाषण के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ दिए गए बयान पर रोष व्यक्त करते हुए पुलिस कर्मचारियों से माफी मांगने के लिए कहा।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि कमलनाथ आप बुजुर्ग होकर उम्र के उस पड़ाव में हैं जब आपको राग, द्वेष और बदले की धमकी वाली भाषा की राजनीति को छोड़कर सहिष्णुता और सहयोग की राजनीति करना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि आप हमेशा धमकी देते हैं कि आप बहुत बारीक पीसते हैं। कभी धमकी देते हैं जेब में बीजेपी का बिल्ला रखते हो। आपके इन्हीं धमकी भरे बयानों से जनता ने आपको इतना बारीक पीस दी कि आप अब कर्मचारियों को धमकी देने लगे है। श्री यादव ने कहा कि आप अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने इशारों पर नचाना चाहते हैं और ये भाजपा के शासनकाल में हो नहीं पा रहा है इसीलिए भाषणों में खीज निकाल रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि कमलनाथ ये भाजपा का शासनकाल है जिसमें सभी को बोलने की पूरी स्वतंत्रता है इसीलिए आप खुले मंच से पुलिस अधिकारियों को धमकी दे पा रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि आप अपने मुख्यमंत्री काल को याद करें जब विधानसभा उपचुनाव के समय आपके निर्देश पर पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हेलीकॉप्टर को चौरई से उड़ने से रोक दिया गया था। श्री यादव ने कहा कि कमलनाथ भाजपा कभी बदले की राजनीति नहीं करती। श्री यादव ने कहा कि कमलनाथ द्वारा हर्रई में मंच से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई धमकी उनके अवसाद को दर्शा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि हर पिता अपने बेटे को सफल बनाने के लिए मेहनत करता है और आप भी वही कर रहे हैं लेकिन बेटे में क्या क्षमता है वह पिता को जरूर पता होना चाहिए और उसे वही करने देना चाहिए जो वो करना चाहता है. मेरी आपको सलाह है कि आप भी अपने बेटे को वही करने दें जो वह करना चाहता है और छिंदवाड़ा कांग्रेस में किसी और नेता को आगे आने दें। शेषराव यादव ने कहा कि पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ दिए गए वक्तव्य पर कमलनाथ को शब्द वापस लेते हुए उनसे माफी मांगनी चाहिए।